राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
महिला प्रकोष्ठ (2020–21)
प्रतिवेदन

सत्र 2020–21 में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महाविद्यालय की 110 छात्राओं का जून महीने में ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। इस सत्र में महिला प्रकोष्ठ का उद्देश्य कोविड– 19 महामारी से बचाव हेतु छात्राओं के माध्यम से जागरूकता फैलाना तथा बचाव के सार्थक प्रयास करना रहा है। इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखकर दिनांक 26 जून 2020 को महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा शोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियोज को छात्राओं के ग्रुप में डालकर उन्हें सजग करने का प्रयास किया गया। छात्राओं को मास्क बनाने के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप प्रकोष्ठ की पंजीकृत छात्राओं ने सवयं विभिन्न प्रकार के मास्क बनाकर अपने आसपास तथा विशेष रूप से श्रमिक वर्ग के बीच मास्क वितरित कर सेवा कार्य किया गया। छात्राओं द्वारा बनाए गए मास्क की फोटोज़ ग्रुप में डाले गए, जिनसे अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिला।

दिनांक 30 जून 2020 को कोरोना के रोकथाम के प्रयासों को लेकर सुश्री भावना भट्ट द्वारा रचनात्मक सन्देश से युक्त सुन्दर पोस्टर बनाया गया, जिसे महाविद्यालय की विभिन्न समितियों और कक्षाओं के व्हाटसैप ग्रुप में साझा किया गया।

जुलाई माह में महिला प्रकोष्ठ की छात्राओं द्वारा कोरोना से बचाव की प्रेरणा देते हुए कविता लेखन की गतिविधि करवाई गई, जिसमें भारती गमेती, एम.ए. उत्तरार्द्ध इतिहास ने कोरोना रैप लिखा तथा मनीषा पंवार, एम.ए. उत्तरार्द्ध इतिहास एवं नेहा सोलंकी, एम.एस. सी वनस्पति शास्त्र ने प्रेरक कविताएं लिखीं।

क्रमशः..2

अगस्त माह में छात्राओं ने 'मैं सतर्क हूँ' शीर्षक से उपयोगी व सन्देशपरक पोस्टर बनवाए गए, जिनमें कंचन गमेती, ध्वनि उपाध्याय, भारती गमेती, प्रियंका सोलंकी, नौरीन, प्रज्ञा माली तथा हेमा मीणा के पोस्टर सराहनीय रहे।

सितम्बर माह में 'कोरोना महामारी : कारण, लक्षण और बचाव' शीर्षक से छात्राओं द्वारा ऑनलाइन निबंध लेखन करवाया गया, जिसमें प्रज्ञा माली तृतीय वर्ष कला का निबन्ध श्रेष्ठ रहा।

नवम्बर माह में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 'डा. भीमराव अम्बेडकर : सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत' विषय पर अम्बेडकर फाउण्डेशन के सौजन्य से महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस., एन.सी.सी. तथा अन्य समितियों के संयुक्त तत्वाधन में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 26 नवम्बर 2020 को संविधान दिवस पर महिला प्रकोष्ठ और एन.सी.सी. द्वारा संयुक्त रूप से वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप फड़िया थे। बेवीनार में छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया।

कोरोना महामारी के दुष्प्रभाव से बचाने एवें युवा पीढ़ी में मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के लिए दिनांक 17.12.2020 को 'मेंटल वैलनैस ड्यूरिंग कोविड–19 पेंडेमिक इन कॉलेज स्टूडेंट्स' विषयक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा छात्राओं को तनाव तथा अवसाद आदि से बचे रहने के व्यवहारिक सुझाव दिए गए।

क्रमशः..3

कोरोना महामारी : जागरूकता



वेबीनार

जनवरी 2021 में 'कोविड–19' शीर्षक से जागरूकता के प्रसार हेतु महाविद्यालय ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर प्राप्त प्रविष्टियों को जिलाधीश कार्यालय भिजवाया गया। इस प्रतियोगिता में कंचन गमेती, हेमा मीणा, मनीषा पंवार, भावना भट्ट तथा तनु जाजपुरा ने प्रतिभागिता की।

इस सत्र में कोरोना महामारी के कारण भय तथा तनाव व्याप्त रहा, जिसके प्रति जागरूकता के प्रसार तथा बचाव के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिता कावड़िया के

क्रमशः..4

निर्देशन में प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों डॉ. मंजु त्रिपाठी, डॉ. फरहत बानो, डॉ. कीर्ति माथुर, डॉ. इंदु शर्मा, डॉ. मनीषा चौबीसा द्वारा विभिन्न प्रयास किए गए। सम्पूर्ण सत्र में छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।

प्राचार्य

डॉ. अनिता कावड़िया,
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ